प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2025 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 11.00 बजे

आयुर्वेद दिवस

देश सहित प्रदेश में भी आज आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य समारोह शिमला में होगा जहां आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में आयुष मंथनः हिमाचल में आयुष–सतत विकास के लिए एक रोडमैप विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके अलावा आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य पारंपरिक प्रणालियों के लाभों के बारे में जागरूकता के लिए प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता व्याख्यान सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि घटी हुई जीएसटी दरें परिवारों के लिए अधिक बचत और व्यवसाय करने की सुगमता में सुधार करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार शुरू हो चुके है। यह पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव का परिचायक है।

उद्योग मंत्री

राज्य सरकार द्वारा सोलन जिला के नालागढ़ में बनाए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क से राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी वहीं प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ये जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बताया कि एक हजार 623 बीघा भूमि पर बनने जा रहे इस पार्क के निर्माण पर 350 करोड़ रूपए की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोथैरेपी, दंत चिकित्सा व हडडी रोग में इस्तेमाल होने वाले करीब 150 चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा।

जयराम

अगली पीढ़ी के वस्तु व सेवा कर सुधारों को ऐतिहासिक पहल बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नए रूप में जीएसटी दरें समाज के हर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है जो आने वाले समय मे ंदेश की प्रगति के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से आरंभ हुए सेवा पर्व के तहत हिमाचल प्रदेश में लगातार विभिन्न कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी में आज भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने मनाली में पौधारोपण कार्यक्रम में कार्यकर्त्ताओं के साथ भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा पर्व के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण व हरित भविष्य की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा संकल्प बनने जा रहा है।

पीएम सूर्य घर

पीएम सूर्य घर मुफत बिजली योजना मे तहत शिमला जिले की 10 पंचायतों को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम घटक के तहत रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों के आधार पर इन पंचायतों का चयन किया जाएगा और चयनित पंचायत को एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में ऊर्जा आत्म निर्भरता को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्रे के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप की आराधना की जा रही है। प्रदेश भर के मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से संयम, तपस्या और ज्ञान की देवी मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है।